# समाचार वाणी
खबर जो करें असर !

नाशिक | Wednesday, 30 September 2026


# 'ऑपरेशन सिंदूर' के बाद IPL 2025 होगा रद्द ? BCCI के नए अपडेट से सब हैरान।

Publisher
Published on 07 May 2025




## भारतीय सेना ने ऑपरेशन सिंदूर के जरिए पहलगाम आतंकी हमले का जवाब दिया है. जानिए इस कार्यवाई का IPL 2025 पर कोई असर पड़ेगा या नहीं ?

भारतीय सेना ने पाकिस्तान में 9 ठिकानों पर एयर-स्ट्राइक करते हुए पहलगाम आतंकी हमले का बदला ले लिया है. ऑपरेशन सिंदूर में 90 से भी ज्यादा आतंकवादियों के मारे जाने की खबर है. भारत और पाकिस्तान के नीच तनाव और ज्यादा बढ़ गया है, ऐसे में IPL 2025 को लेकर बहुत बड़ा अपडेट सामने आया है. एक मीडिया रिपोर्ट अनुसार ऑपरेशन सिंदूर के बाद आईपीएल 2025 के मैचों पर कोई असर नहीं पड़ेगा.

न्यूज एजेंसी ANI के हवाले से BCCI के एक सूत्र ने बताया है कि भारत की पाकिस्तान के खिलाफ सैन्य कार्यवाई का IPL 2025 के मैचों और शेड्यूल पर कोई असर नहीं पड़ेगा. अभी तक मौजूदा सीजन के लीग स्टेज में 56 मैच संपन्न हो चुके हैं और प्लेऑफ चरण की शुरुआत से पहले 14 मुकाबले होने बाकी हैं.

आईपीएल 2025 में अगला मैच कोलकाता नाइट राइडर्स और चेन्नई सुपर किंग्स के बीच ईडन गार्डन्स में खेला जाएगा. परिस्थितियों अनुसार इंडियन प्रीमियर लीग में पहले कई तरह के बदलाव देखने को मिलते रहे हैं. यह बात है साल 2009 की जब भारत में लोकसभा चुनावों के कारण टूर्नामेंट के कुछ मैचों का आयोजन पहली बार दक्षिण अफ्रीका में करवाने का निर्णय लिया गया था.

एक तरफ BCCI ने आईपीएल के मैचों पर कोई असर ना पड़ने की बात कही है. बताते चलें कि सरहद पार पाकिस्तान में PSL 2025 टूर्नामेंट चल रहा है, जिसका फाइनल 11 मई को होने वाला है. भारत की ओर से हुई सैन्य कार्यवाई के बाद पाकिस्तानी फैंस भी घबराए हुए हैं. सोशल मीडिया पर लोगों को यह पूछते हुए पाया गया कि पाकिस्तान सुपर लीग के मैच होंगे भी या नहीं, कहीं

उन्हें मैदान से वापस ना लौटना पड़ जाए. PSL 2025 में आज इस्लामाबाद यूनाइटेड और क्वेटा ग्लैडिएटर्स का मैच होने वाला है. बता दें कि भारत में पहले ही PSL 2025 का प्रसारण बंद हो चुका है.

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.